हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, बुधवार 22 अप्रैल 2026
कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 23 डिग्री

09 फुटहामुड़ा नहर परियोजना से कुकरेल में बढ़ेगी सिंचाई सुविधा

10 अमलतासपुरम से सिंचाई नहर तक बनेगी बीटी सड़क


# आगजनी और लाठीचार्ज के खिलाफ आदिवासियों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी के बैनरतले ग्राम बोदलवंडी के ग्रामीणों ने वन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ प्रदर्शन किया है। आदिवासियों ने झोपड़ियों में आगजनी, बर्बर लाठीचार्ज के विरूद्ध कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दंडनात्मक कार्रवाई एवं तत्काल राहत देने की मांग की है।

दक्षिण सिंगपुर के ग्राम बोदलवंडी के ग्रामीण एवं पीड़ित शिवप्रसाद मंडावी, शिवनाथ कुंजाम, भैयालाल, नारायण, रामदेव, देवराम, नीरज, छन्नू सहित बड़ी संख्या में कलेक्टोरेट पहुंचे ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम सौंपे आवेदन में कहा है कि 15 अप्रैल को बोदलवंडी के जंगल में वन अमले तथा प्रबंधन समिति ने अतिक्रमण हटाने के नाम पर करीब 50 खपरैल वाले मकानों को जमींदोज किया। मकानों में आग लगाई गई जिससे ग्रामीणों के सालभर का राशन, कपड़ा एवं गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया।

वन विभाग के अधिकारियों की मौजूदगी में निहत्थे आदिवासियों पर लाठीचार्ज किया गया जिससे 15 से 20 महिला, पुरूष घायल हो गए। ग्रामीणों द्वारा लगाए गए काजू, जाम, आम, नींबू, पपीता आदि फलदार वृक्षों को जेसीबी मशीन से उखाड़ दिया गया।

ग्रामीणों ने आगे कहा कि बोदलवंडी के आदिवासी वर्तमान में खुले आसमान के नीचे दाने-दाने को मोहताज हैं। यदि प्रशासन 48 घंटे के भीतर राहत और न्याय सुनिश्चित नहीं करता है तो सभी ग्रामीण जिला मुख्यालय का घेराव करने विवश होंगे।

## 48 घंटे में राहत और न्याय नहीं मिलने पर जिला मुख्यालय घेराव की दी चेतावनी



### स्वतंत्र न्यायिक समिति के गठन की मांग

ग्रामीणों की मांग है कि पूरे प्रकरण की जांच के लिए स्वतंत्र न्यायिक समिति का गठन किया जाए। आगजनी एवं मारपीट के दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर एसटी, एससी अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर निलंबन की कार्रवाई की जाए। जिन परिस्थितियों में घर जलाए गए और जिनका अनाज नष्ट हुआ है, उन्हें शासन द्वारा तत्काल सहायता एवं राशन उपलब्ध कराया जाए। जब तक जांच पूरी नहीं होती है तब तक दंडनात्मक कार्रवाई पर रोक लगे।

## खबर संक्षेप

### विशाल रक्तदान शिविर 24 अप्रैल को




**धमतरी।** संत निरंकारी चैरिटेबल फाउंडेशन की धमतरी शाखा द्वारा 24 अप्रैल को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन पूज्य पंचायत सिंधी समाज धर्मशाला आमापारा धमतरी में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक होगा। रक्तदान के साथ-साथ ब्लड शुगर और ब्लड प्रेशर की निःशुल्क जांच भी की जाएगी। यह आयोजन सतगुरु माता सुदीक्षा सविंदर हरदेव एवं बाबा हरदेव सिंह महाराज की शिक्षाओं से प्रेरित है। इच्छुक व्यक्ति मुरली अंदानी, मयूर तोतवानी, विक्की खूबचंदानी, निर्मल सार्वा, अनिल लेडवानी के पास रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं।

### आत्मानंद स्कूल गोकुलपुर में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू

**धमतरी।** जिले के गोकुलपुर स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में नए शिक्षा सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। कक्षा पहली से बारहवीं तक रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु 10 अप्रैल से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी 5 मई तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यदि रिक्त सीटों के विरुद्ध अधिक आवेदन प्राप्त होते हैं, तो चयन प्रक्रिया लॉटरी के माध्यम से की जाएगी। कक्षा पहली में प्रवेश के लिए छात्रों की आयु 31 मई 2026 की स्थिति में 5 वर्ष 6 माह से 6 वर्ष 6 माह के बीच निर्धारित की गई है। वहीं कोरोना महामारी के कारण अनाथ हुए बच्चों को महतारी दुलार योजना के अंतर्गत प्राथमिकता से प्रवेश दिया जाएगा।

## महतारी वंदन योजना: अब तक 44 प्रतिशत ई-केवाईसी

# ई-केवाईसी के लिए करनी पड़ रही भारी मशक्कत

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए ई-केवाईसी अनिवार्य है। ई-केवाईसी कराने के लिए महिलाओं को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। कभी सर्वर डाउन तो कभी भीड़ के कारण महिलाओं को परेशानी हो रही है। राहत की बात है कि धमतरी में ई-केवाईसी की स्थिति अच्छी है। अब तक 44 प्रतिशत महिलाओं ने ई-केवाईसी करवा ली है।

महतारी वंदन योजना में गड़बड़ी रोकने के लिए ई-केवाईसी करवाई जा रही है। इसके लिए 30 जून 2026 तक का समय दिया गया है। किस्त रूकने के डर से महिलाएं हर काम छोड़कर महतारी वंदना की ई-केवाईसी कराने में लगी हुई हैं, लेकिन सर्वर डाउन, वनांचल में स्लो इंटरनेट और च्वाइस सेंटरों में भीड़ के चलते उन्हें परेशानी उठानी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार ई-केवाइसी किसी भी च्वाइस सेंटर से किया जा सकता है। इसके लिए महिलाओं को रजिस्टर्ड मोबाइल नम्बर और आधार कार्ड लेकर जाना होगा। आधार कार्ड और महतारी वंदना योजना में मिस मैच होने की स्थिति में किसी भी दस्तावेज में नाम सुधार किया जाना आवश्यक है। इसके लिए आंगनबाड़ी केंद्र से संपर्क किया जा सकता है। दस्तावेज भी वहीं जमा लिए जाएंगे।



फाइल फोटो

### 1 लाख 854 महिलाओं ने ई-केवाईसी करवाई

ई-केवाईसी के मामले में जिले की स्थिति अच्छी है। जिले में कुल 2 लाख 27 हजार 183 महिलाओं को महतारी वंदन योजना का लाभ मिल रहा है। इसमें से 1 लाख 854 महिलाओं ने ई-केवाईसी कम्पलीट करवा ली है। जिले में 44.30 प्रतिशत महिलाओं की ई-केवाईसी हो चुकी है। ई-केवाईसी करवाने के लिए अभी दो माह का समय बाकी है। अंतिम तिथि से पहले ई-केवाईसी कम्पलीट होने की उम्मीद है।

### तो आ सकती हैं दिक्कतें

अभी ई-केवाईसी प्रक्रियाधीन है। ऐसे में हर माह महिलाओं के खाते में राशि डाली जा रही है। ऐसे में कई महिलाएं ई-केवाईसी करवाने में ध्यान नहीं दे रही हैं। मिली जानकारी के अनुसार ई-केवाईसी की अंतिम तिथि के बाद महिलाओं के खाते में इस योजना के तहत राशि डालना बंद कर दिया जाएगा। ई-केवाईसी कराने के बाद ही उनके खाते में राशि डाली जाएगी। अंतिम तिथि के बाद ई-केवाईसी कराने में भी दिक्कतें आ सकती हैं।

### बड़ी संख्या में महिलाएं कतार में

महतारी वंदन योजना की शुरूआत 10 मार्च 2024 को हुई है। योजना शुरू हुए दो साल हो चुके हैं। इन दो साल में एक भी नई महिला को इस योजना के तहत नहीं जोड़ा गया है। योजना शुरू होने के पहले जितनी महिलाएं पात्र मिलीं, केवल उन्हें ही लाभ दिया जा रहा है। जब योजना शुरू हुई तो कई शादीशुदा महिलाएं 21 साल से कम उम्र की थीं, उन्हें योजना में शामिल नहीं किया गया। वहीं दो साल में कई शादियां हुई हैं। महिलाएं अब महतारी वंदना के तहत फार्म जमा लिए जाने का इंतजार कर रही हैं।

# सिवनीकला सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ किसानों ने खोला मोर्चा

- प्रबंधक को बर्खास्त करने की मांग, एक किसान की बिजली करंट से मौत का मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



सिवनीकला सोसाइटी में धान बेचने पहुंचे एक किसान की बिजली करंट से मौत के मामले में गोबरा के किसानों में आक्रोश व्याप्त है। मंगलवार को कलेक्टर जनदर्शन में शिकायत लेकर पहुंचे ग्राम गोबरा के किसान खूबलाल साहू, किशोर सेन, भागवत राम, पुनाराम साहू, रूपेन्द्र, गैंदराम, दुर्गेश, खिलेन्द्र आदि ने कलेक्टर के नाम शिकायत आवेदन सौंपा है।

किसानों ने आवेदन में कहा है कि वे ग्राम पंचायत गोबरा के निवासी हैं। घटना 19 नवम्बर 2025 की है। सिवनीकला सोसाइटी में किसान भोजराज साहू धान बेचने गया था जहां व्यवस्थापक की लापरवाही के कारण भोजराज की 11 केव्ही विद्युत लाइन की चपेट में आने से मौत हो गई। जिसकी जांच 20 अप्रैल को सभी किसानों के समक्ष कर पंचनामा किया गया। जांच में सोसाइटी प्रबंधक ओमप्रकाश साहू ने पीड़ित को तात्कालिक सहायता उपलब्ध नहीं कराई एवं मानवता को शर्मसार करते हुए आज तक पीड़ित परिवार के प्रति अपनी गलती स्वीकार करते हुए संवेदना व्यक्त करना जरूरी नहीं समझा।

किसानों ने शिकायत आवेदन में कहा है कि जांच पंचनामा के एक माह बाद भी सोसाइटी प्रबंधक के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। लापरवाह प्रबंधक को पद से बर्खास्त करने की मांग करते हुए किसानों ने कहा कि शिकायत के बाद भी प्रशासन कार्रवाई नहीं करता है तो किसान उग्र आंदोलन के लिए मजबूर होंगे जिनकी जवाबदारी शासन-प्रशासन की होगी।

### स्कूल, आंगनबाड़ी, उपस्वास्थ्य केन्द्र की मांग

ग्राम पंचायत गोबरा, भालूकोना सरपंच मतिबाई ने कलेक्टर को दिए आवेदन में कहा है कि शासकीय प्राथमिक शाला भवन अत्यंत जर्जर है। बच्चों का अध्यापन अन्य स्थान पर कर रहे हैं। इसी तरह आंगनबाड़ी क्रमांक-1 और 2 भी जर्जर हो चुकी है। यहां के बच्चों को शीतला मंदिर में पढ़ाया जा रहा है। गांव में स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं के लिए उपस्वास्थ्य केन्द्र की आवश्यकता है। सरपंच ने प्राथमिक शाला भवन, आंगनबाड़ी भवन तथा उपस्वास्थ्य केन्द्र निर्माण की मांग कलेक्टर से की है।

### उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल को

**धमतरी।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल रायपुर द्वारा 26 अप्रैल को छग राज्य कृषि विपणन (मंडी) अंतर्गत उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा आयोजित की जाएगी। अपर कलेक्टर पवन कुमार प्रेमी ने बताया कि धमतरी जिले के 41 केन्द्रों में सुबह 10 से दोपहर 12.15 बजे तक यह परीक्षा आोजित की जाएगी। अभ्यर्थियों के लिए परीक्षा केन्द्र का मुख्य द्वार सुबह 9.30 बजे बंद कर दिया जाएगा। इसके बाद अभ्यर्थियों का प्रवेश पूरी तरह वर्जित होगा। अभ्यर्थियों को व्यापम द्वारा दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए अपने-अपने परीक्षा केन्द्रों में समय पर पहुंचने कहा गया है।

# 65 करोड़ से बढ़ेगी गंगरेल बांध की उम्र

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- डैम सेफ्टी पर फोकस : मरम्मत कार्यों को मिली हरी झंडी



प्रदेश के बड़े बांधों में एक गंगरेल बांध यानी रविशंकर सागर जलाशय की उम्र बढ़ाने के लिए राज्य शासन द्वारा 65.5 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। इस राशि से बांध में इपोक्सी ग्राउटिंग और फ्लेक्सीबल साफ्ट हाईप्रेशर वाटर जेट से चोक हुए वर्टिकल प्रेशर ड्रेन की सफाई सहित कई कार्य किए जाएंगे।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस कार्य को प्राथमिकता देते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वर्षा ऋतु के पूर्व सभी आवश्यक प्रक्रियाएं पूर्ण करते हुए कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए। उन्होंने टेंडर प्रक्रिया को त्वरित गति से पूर्ण करने तथा कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया है। उल्लेखनीय है कि वर्ष 1978 में निर्मित यह बहुउद्देशीय जलाशय लगभग 45 वर्षों से क्षेत्र की जीवनरेखा बना हुआ है। यह जलाशय हजारों हेक्टेयर कृषि भूमि की सिंचाई के साथ-साथ धमतरी एवं आसपास के क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति, औद्योगिक उपयोग तथा 11.2 मेगावाट विद्युत उत्पादन में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है।

### रिसाव में आएगी कमी

विशेषज्ञों के अनुसार समय के साथ बांधों में सीपेज होना स्वाभाविक है। यह लगातार बढ़ता जा रहा है, जिसे नियंत्रित करने के लिए उन्नत तकनीकों के साथ नियमित रखरखाव अत्यंत आवश्यक होता है। प्रस्तावित कार्यों से बांध की आंतरिक संरचना मजबूत होगी। जल रिसाव पर प्रभावी नियंत्रण मिलेगा तथा बांध की आयु में वृद्धि होगी। लंबे समय तक लोगों को सिंचाई, पेयजल, निस्तारी के लिए इस बांध से जल मिलने की उम्मीद बढ़ेगी।

### गुणवत्ता के साथ होगा काम


कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि रविशंकर सागर जलाशय जिले ही नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की जीवनरेखा है। इसकी सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। स्वीकृत कार्यों के माध्यम से बांध की संरचनात्मक मजबूती सुनिश्चित की जाएगी और सीपेज की समस्या का वैज्ञानिक समाधान किया जाएगा। सभी संबंधित विभागों को निर्देशित किया गया है कि गुणवत्ता मानकों का पूर्ण पालन करते हुए कार्यों को समय-सीमा में पूर्ण करें, ताकि वर्षा ऋतु में जोखिम उठाना न पड़े।

# जनगणना 2027 : 1-30 मई तक मकान गणना, अवकाश पर रोक

**धमतरी।** भारत की जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई तक किया जाएगा। इस कार्य को सुचारू, व्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से पूर्ण कराने के लिए कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अबिनाश मिश्रा ने सख्त निर्देश जारी किए हैं। जनगणना कार्य में नियोजित सभी अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया है कि वे अधोहस्ताक्षरकर्ता की पूर्व अनुमति के बिना न तो अवकाश पर जाएंगे और न ही मुख्यालय छोड़ेंगे। विशेष परिस्थितियों में ही जिला जनगणना शाखा के माध्यम से अवकाश आवेदन प्रस्तुत करने पर विचार किया जाएगा। इसके साथ ही पूर्व में कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वीकृत अवकाश के मामलों में भी संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को पुनः जिला जनगणना शाखा के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी से अनिवार्य रूप से अनुमोदन प्राप्त करना होगा। अन्यथा ऐसी अवकाश स्वीकृति मान्य नहीं होगी। आदेश का उल्लंघन करने वाले संबंधित अधिकारी या कर्मचारी के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।



- कलेक्टर के निर्देश : बिना अनुमति छुट्टी या मुख्यालय छोड़ने पर होगी कार्रवाई




## तबादले में पारदर्शिता का किया गया समावेश

# पुलिस विभाग में थोक में तबादले, 192 आरक्षकों का स्थानांतरण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी




पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल करते हुए दो साल से एक ही जगह पर कार्यरत 192 आरक्षकों का स्थानांतरण किया गया है। इस तबादले में पूरी तरह पारदर्शिता का समावेश किया गया है।

पुलिस अधीक्षक सूरजसिंह परिहार के मार्गदर्शन में जिला पुलिस में पदस्थ ऐसे आरक्षक जिन्होंने दो वर्ष की सेवा पूरी कर ली है, उनके लिए सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी स्थानांतरण प्रक्रिया अपनाई गई है। इस प्रकरण में तीन अनुभाग धमतरी, कुरूद एवं नगरी के साथ-साथ पुलिस लाइन, यातायात नियंत्रण कक्ष, एसपी कार्यालय एवं साइबर थाना, अजाक, महिला सेल में दो साल से अधिक समय से पदस्थ आरक्षकों का सम्मेलन आयोजित किया गया। खुले मंच में सम्मेलन में उनसे उनकी इच्छानुसार तीन थाने व चौकी के विकल्प भरवाए गए। प्राप्त विकल्पों के साथ कार्य मूल्यांकन को ध्यान में रखते हुए दो पृथक सूची के माध्यम से 121 व 71 कुल 192 आरक्षकों का स्थानांतरण विभिन्न थाने, चौकी एवं रक्षित केंद्र में किया गया है। स्थानांतरण प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता बरतते हुए तीन विकल्पों में गृह थाना, चौकी और पिछली पोस्टिंग के अतिरिक्त कोई भी तीन पोस्टिंग का विकल्प सभी आरक्षकों से मांगे गए। इस दौरान ध्यान रखा गया कि जिन आरक्षकों के कार्य विशेष में अनुभव और दक्षता में उनके स्थानांतरण में से संबंधित इकाई के कार्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ सकता था, उन्हें प्रशासनिक कारण से स्थानांतरण नहीं किया गया। यह पिछले एक साल में धमतरी जिले की पहली की सूची है जिसके द्वारा यह भी ध्यान रखा गया कि स्टाफ के बच्चों का शैक्षणिक सत्र संपन्न हो गया है जिससे उन पर या उनके परिवार पर स्थानांतरण का प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

### कार्य कुशलता में वृद्धि होने की उम्मीद

इस स्थानांतरण प्रक्रिया में पूरी तरह से पारदर्शिता का समावेश किया गया है। स्थानातरित आरक्षकों से सेवा संतुष्टि, दक्षता और बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद की गई है। इस पहल से आरक्षकों की कार्यकुशलता में वृद्धि होगी। वहीं पुलिस बल में संतुलन, मनोबल और कार्य संतुष्टि भी बेहतर होने की आशा की गई है।

## खबर संक्षेप

### कांग्रेस ने महिलाओं का अपमान किया : यदु



**मगरलोड।** भाजपा जिला उपाध्यक्ष विजय यदु ने कहा कि लोकसभा में भाजपा द्वारा देश की आधी आबादी को सम्मान देने एवं उनके अधिकारों की रक्षा हेतु संसद में प्रस्तुत किए गए नारी वंदन बिल पर विपक्ष की ओर से जो घटनाक्रम सामने आया, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और चिंता बढ़ाने वाला है। यह दिन देश के लोकतांत्रिक इतिहास में काला दिन और महिला विरोधी दिन के रूप में जाना जाएगा जिसके लिए देश कभी भी कांग्रेस सहित उनके सहयोगी दलों को माफ नहीं करेगा। श्री यदु ने आगे कहा है कि महिलाओं को लोकसभा और विधानसभा में 33 प्रतिशत आरक्षण देने से जुड़ा नारी शक्ति वंदन अधिनियम उनके अधिकार, सम्मान और भागीदारी को सशक्त करने वाला एक अहम संविधान संशोधन है।

### डिप्टी रेंजर की कार ने वाहन को मारी टक्कर, युवक बचे



**कांकेर।** भानुप्रतापपुर में सोमवार रात संबलपुर मेन रोड ओवरब्रिज के पास एक तेज रफ्तार कार ने ऐसी टक्कर मारी कि सड़क पर अफरा-तफरी मच गई। हैरानी की बात यह रही कि आरोपी कोई आम व्यक्ति नहीं, बल्कि धमतरी का एक डिप्टी रेंजर निकला और वह भी कथित तौर पर नशे में धुत बताया जा रहा था। भानुप्रतापपुर सुभाषपारा निवासी ऋषभ जैन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि 20 अप्रैल की रात करीब साढ़े 11 बजे वे अपने साथी आयुष अग्रवाल और अमन तिवारी के साथ वाहन क्रमांक सीजी 04 एनडी 0141 से कर्मचारी कॉलोनी की ओर जा रहे थे, तभी संबलपुर की ओर से आ रही कार क्रमांक सीजी 05 एजी 8516 ने लापरवाहीपूर्वक उनकी गाड़ी को बाईं ओर से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा और मौके पर हड़कंप मच गया। वाहन चालक से पूछताछ की गई तो उसकी पहचान धमतरी निवासी डिप्टी रेंजर ज्ञानचंद कश्यप के रूप में हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार चालक अत्यधिक नशे में था। हादसे में ऋषभ जैन और उनके साथी आयुष अग्रवाल को कान और हाथ में चोटें आई, जबकि आरोपी को भी चोट लगने पर उसके साथियों ने अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में मौजूद लोगों ने आरोपी का ब्लड टेस्ट और ब्रेथ एनालाइजर टेस्ट कराने की मांग किया, ताकि नशे की पुष्टि हो सके, लेकिन हैरानी की बात है कि यह जांच नहीं कराई गई। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी ज्ञानचंद कश्यप के खिलाफ धारा 125 (ए), 281 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस : आदर्श ग्राम पंचायत बनाने का संकल्प लेंगे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

लोकतांत्रिक विकेन्द्रीकरण को मजबूत करने तथा स्थानीय स्वशासन की भावना को सशक्त बनाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में इस वर्ष जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

जिला पंचायत सीईओ गजेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया है। इस ग्राम सभा में ग्राम के समस्त निर्वाचित जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ नागरिकों, सम्मानित ग्रामीणों तथा आम नागरिकों को आमंत्रित किया जाएगा ताकि पंचायत स्तर पर सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा मिल सके। ग्राम संवाद का आयोजन भी किया जाएगा जिसमें ग्रामवासियों को उपमुख्यमंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग का लगभग 20 मिनट का रिकॉर्डेड ऑडियो संदेश सुनाया जाएगा। इस संदेश के माध्यम से ग्रामीण विकास, पंचायत सशक्तिकरण तथा आत्मनिर्भर ग्राम निर्माण के विषय में महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। श्री ठाकुर ने बताया कि ग्राम संपदा ऐप में ग्राम पंचायत क्षेत्र की समस्त परिसंपत्तियों को अपलोड करने का संकल्प लिया जाएगा तथा उसका वाचन किया जाएगा। आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत की दिशा में हमारा कोष-हमारा अधिकार संकल्प भी पारित किया जाएगा।

## 24 अप्रैल को जिले के सभी ग्राम पंचायतों में होंगे विशेष आयोजन

### ग्राम के प्रतिभाशाली व्यक्तियों का होगा सम्मान

कार्यक्रम के दौरान ग्राम के ऐसे प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान भी किया जाएगा जिन्होंने कला, संस्कृति, नृत्य, खेलकूद या अन्य क्षेत्रों में राज्य अथवा राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कार प्राप्त कर ग्राम एवं जिले का नाम रोशन किया है। इसके अतिरिक्त राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों तथा स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी लखपति दीदी महिलाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। प्रत्येक ग्राम पंचायत के लिए तैयार स्कोर कार्ड का प्रदर्शन किया जाएगा।




### जल संरक्षण, संवर्धन पर होगी चर्चा

श्री ठाकुर ने बताया कि ग्राम पंचायतों को आदर्श ग्राम पंचायत बनाने की दिशा में भी संकल्प पारित किए जाएंगे। मोर गांव मोर पानी अभियान अंतर्गत जल संरक्षण, जल संवर्धन एवं वर्षा जल संचयन जैसे विषयों पर विशेष चर्चा की जाएगी तथा ग्रामीणों को जल बचाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

## प्रशासन ने मौके पर जमीन का सीमांकन कर दूर की आशंकाएं

# भालूझुलन फूड पार्क विवाद सुलझा ग्रामीणों की सहमति से काम शुरू

■ युवाओं के रोजगार की राह हुई साफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

युवाओं के उज्जवल भविष्य और बेहतर रोजगार के लक्ष्य से ग्राम भालूझुलन में शासन ने फूड पार्क के लिए 11 हेक्टेयर शासकीय भूमि को उद्योग विभाग को आवंटन किया था, पर गांव वालों को लग रहा था कि उनके निस्तार की भूमि खत्म हो जाएगी पर कुरुद अनुविभागीय अधिकारी के लगातार वार्ता के प्रयास ने सब दर्पण की तरह साफ कर दिया और एक सप्ताह पूर्व कुछ ग्रामीण पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक में आधुनिक तकनीकों से निस्तार की भूमि को एक-एक प्रयोजन के साथ दिखाया गया था पर ग्रामीणों की मांग थी कि उस रिक्त भूमि को मौके पर बताया जाए जिसे कुरुद प्रशासन ने सहजता से स्वीकार किया।



21 अप्रैल मंगलवार को कुरुद तहसीलदार सूरज बंछोर के नेतृत्व में आरआई अश्वनी साहू, आरआई परीक्षित मरकाम, हल्का पटवारी वीरेंद्र बैस, उद्योग विभाग के उपअभियंता मोहित चन्द्राकर, तीनों गांव डांडेसरा, भालूझुलन, कन्हारपुरी के कोटवार के साथ मौके पर जाकर एक-एक प्रयोजन के लिए आरक्षित शासकीय भूमि को जरीब चलाकर बताया गया और चूने से चिन्हांकित किया गया, जैसे-जैसे गांव वालों की मांग थी, उसी के अनुसार एक-एक भूमि को नापकर स्पष्ट किया गया जिससे ग्रामवासियों और युवाओं में उत्साह नजर आया और कल से काम शुरू करने की सहमति दी।

इस अवसर पर सरपंच कन्हारपुरी हेमा गन्नीर, उपसरपंच चेतन पटेल, भागवत कंवर, शीतल साहू, संतोष यादव, रामाधार कंवर, उदय लाल साहू, मानिक पटेल, मोहन कंवर, किरण कंवर, घनश्याम साहू, बहुरी कंवर सहित 200 से अधिक ग्रामीण उपस्थित थे।

# भामाशाह जयंती पर 56 लाख रु. के सामुदायिक भवन का होगा लोकार्पण

■ सामाजिक पदाधिकारियों ने विधायक अजय चंद्राकर को किया आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

तहसील साहू समाज कुरूद के तत्वावधान में 24 अप्रैल को ग्राम बगौद स्थित मरादेव मंदिर प्रांगण में दानवीर भामाशाह जयंती का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन समाज के लिए खास महत्व रखता है, क्योंकि इस अवसर पर क्षेत्रीय विधायक निधि से निर्मित साहू सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया जाएगा।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अजय चंद्राकर होंगे। उनके द्वारा लगभग 56 लाख रुपये की लागत से बने सामुदायिक भवन का उद्घाटन किया जाएगा। मंगलवार को तहसील साहू समाज के पदाधिकारियों ने विधायक से भेंटकर उन्हें आमंत्रण पत्र सौंपा और कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। जयंती समारोह के अंतर्गत एक विशेष सामाजिक कार्यशाला का भी आयोजन रखा गया है। इसमें प्रबुद्ध वक्ताओं द्वारा समाज के सर्वांगीण विकास, संगठन की मजबूती, शिक्षा के प्रति जागरूकता तथा सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विचार साझा किए जाएंगे। कार्यक्रम की तैयारी में तहसील साहू समाज के पदाधिकारी जुटे हुए हैं। समाज के अध्यक्ष कृष्णकांत साहू सहित अन्य पदाधिकारियों ने ग्रामीण, परिक्षेत्र, तहसील एवं जिला स्तर के समाजजनों से सपरिवार उपस्थित होने की अपील की है।



इस दौरान मालकराम साहू, पुराणिक साहू, रिखी राम साहू, मन्नूलाल साहू, नरसिंह साहू, प्रेमचंद साहू, रेलहा राम साहू, रामचंद साहू, हरिनारायण साहू, संतोष साहू, सुमन साहू, नंदनी साहू, योगेश साहू, वेदप्रकाश साहू सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

## दानवीर भामाशाह जयंती पर युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज ने किया रक्तदान शिविर का आयोजन

# शिविर में 57 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

दानवीर भामाशाह जयंती पर युवा प्रकोष्ठ तहसील साहू समाज नगरी-सिहावा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस सामाजिक एवं जनसेवा से जुड़े आयोजन में क्षेत्र के युवाओं एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर में कुल 71 लोगों ने पंजीयन कराया, जिसमें से 57 लोगों ने रक्तदान कर मानवता की मिसाल पेश की। आयोजन समिति द्वारा प्रत्येक रक्तदाता को थर्मस गिफ्ट एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष भूपेंद्र साहू, सचिव योगेश साहू, उपाध्यक्ष रोशन साहू, चन्द्रभान साहू, दीपेश साहू, विकास साहू, दीपक साहू, पुनेश्वर साहू, लक्ष्मीकांत साहू, थानसिंग साहू, तुकेश्वर साहू सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

इस आयोजन में आरू साहू लोक गायिका, रूप नारायण साहू, संतोष, मुकेश साहू, रूपेन्द्र साहू, खेमेंद्र साहू, प्रशांत साहू सहित तहसील साहू समाज नगरी-सिहावा के पदाधिकारियों का विशेष सहयोग रहा।

चिकित्सा व्यवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नगरी एवं जिला चिकित्सालय की टीम ने भूमिका निभाई। इस दौरान डॉ. देवकी नंदन सोम चिकित्सा अधिकारी सीएचसी नगरी, सुमनलता नागवंशी स्टाफ नर्स, संजय साहू, राजेश्वर कंवर, एसएल दीवान, तेजराम निषाद मेडिकल लैब टेक्नोलॉजिस्ट, पूजा गायकवाड़ ब्लड बैंक काउंसलर, अरुण कुमार चनाप आईसीटीसी काउंसलर, सोहनलाल यारदा लैब असिस्टेंट एवं टेमन साहू वार्ड बॉय मौजूद रहे।

डॉ. देवकी नंदन सोम ने कहा कि रक्तदान एक महान पुण्य कार्य है, जिससे दुर्घटनाग्रस्त मरीजों, गंभीर रूप से बीमार व्यक्तियों एवं गर्भवती महिलाओं की जान बचाई जा सकती है। नियमित रक्तदान करने से शरीर स्वस्थ रहता है और कई प्रकार के रोगों का खतरा भी कम होता है।

## सेमरा बी में मना अक्षय तृतीया पर्व



**अंवरी।** सेमरा बी में अक्षय तृतीया पर बच्चों द्वारा गुड्डे-गुड़ियों (पुतरा-पुतरी) की शादी रचाई गई। यह पर्व पारंपरिक और अनोखे अंदाज में मनाया गया। इस उत्सव में बच्चों ने मिट्टी के गुड्डा-गुड़ियों का विवाह पूरे रीति रिवाज, बारात और मंडप सजाकर किया। मौके पर पूजा, भूमिका, पल्लवी, प्रिया, सुमित्रा, कुमकुम, खुशी, चंचल, रिंकी, पिंकी, लोकेश्वरी, छोटी, पायल, रानी, संध्या, शुभम, कोमल, राजा, गीतांशु, मनीष, खेमराज, स्वाति उपस्थित थे।

# डांडेसरा में पुतरा-पुतरी का विवाह

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

ग्राम डांडेसरा में छोटे-छोटे बच्चों द्वारा अक्षय तृतीया पर्व धूमधाम से मनाया गया। छोटे बच्चों को इस दिन का काफी बेसब्री से इंतजार रहता है। ग्राम डांडेसरा के बजरंग चौक, शीतलापारा, भाठापारा में बच्चों ने शादी का मंडप बनाया। पुतरा-पुतरी का विशेष श्रृंगार किया गया, जिसमें महिलाओं ने भी उनकी मदद की। बच्चों ने अपने-अपने घरों से सजावटी सामग्री एकत्रित कर पुतरा-पुतरी को दूल्हा-दुल्हन के रूप में आकर्षक ढंग से सजाया। विवाह की शुरुआत पारंपरिक चूलमाटी, तेल-मायन, बारात से हुई। बारात के स्वागत के लिए बच्चों ने सुंदर मंडप सजाया और वर-वधू के स्वागत की सभी रस्में विधिवत निभाई। ग्रामीण रीति-रिवाज के साथ पुतरा-पुतरी का विवाह संपन्न किया। पुतरा-पुतरी का विवाह न केवल मनोरंजन का माध्यम बना, बल्कि भारतीय संस्कृति, परम्परा और सामूहिकता का जीवंत उदाहरण भी प्रस्तुत किया। इस आयोजन ने न केवल बच्चों की रचनात्मकता और उत्साह को उजागर किया, बल्कि भारतीय संस्कृति और परम्पराओं के प्रति उनके गहरे लगाव को भी दर्शाता है।



# भीषण गर्मी में राहगीरों को मिली राहत

■ कुरूद तहसील कार्यालय के सामने सार्वजनिक प्याऊ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

प्रदेश में बढ़ती तपिश और भीषण गर्मी को देखते हुए जनसेवा के उद्देश्य से कुरूद तहसील कार्यालय के सामने शीतल पेयजल केंद्र (प्याऊ) की शुरुआत की गई है। समाजसेवी हरिशंकर सोनवानी की इस विशेष पहल का लाभ तहसील कार्यालय आने वाले फरियादियों, ग्रामीण क्षेत्र के लोगों और राहगीरों को मिलेगा।

सोमवार को पचरीपारा गणेशोत्सव समिति के तत्वावधान में सड़क किनारे इस सार्वजनिक प्याऊ घर का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि भानु चन्द्राकर, सुरेश अग्रवाल और मंडल अध्यक्ष कृष्णकांत साहू उपस्थित थे। अतिथियों ने पूजा-अर्चना कर राहगीरों को ठंडा पानी पिलाकर इस सेवा कार्य का शुभारंभ किया।



### पुण्य का कार्य है प्यासे को पानी पिलाना

उद्घाटन अवसर पर अतिथियों ने सोनवानी परिवार के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि शास्त्रों में प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा पुण्य माना गया है। इस भीषण गर्मी में न केवल इंसानों के लिए, बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी पानी का प्रबंध करना हम सबकी नैतिक जिम्मेदारी है। वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश अग्रवाल ने इसे समाज सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण बताते हुए आम जनता से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।

### वाटर प्लांट से होगी शीतल जल की आपूर्ति

आयोजक हरिशंकर सोनवानी ने बताया कि गुणवत्ता और शुद्धता का विशेष ध्यान रखते हुए कावेरी वाटर प्लांट के साथ अनुबंध किया गया है। यहां प्रतिदिन कैन के माध्यम से शुद्ध और शीतल जल की आपूर्ति की जाएगी। प्याऊ की सुचारू व्यवस्था और साफ-सफाई के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति भी की गई है।

इस अवसर पर भूपेन्द्र सिन्हा, अनुराग चन्द्राकर, पप्पू राजपूत, डुगेश साहू, जितेन्द्र चन्द्राकर, धनेश्वर धुर्व, केशव, गुलाब चन्द्राकर, पप्पू गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक और समाजसेवी उपस्थित थे।

## खाकी की चुप्पी ने कोचियों को बनाया डॉन

# कोसमर्रा में महिला कमांडो का मिशन फेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

कभी शराबबंदी के लिए पूरे क्षेत्र में मिसाल पेश करने वाला ग्राम कोसमर्रा आज अवैध नशे के दलदल में डूबता जा रहा है। गांव की सुरक्षा और मर्यादा के लिए बनी महिला कमांडो की टीम आज खुद को असहाय महसूस कर रही है। जिन हाथों में डंडा लेकर महिलाएं गांव की गलियों में पहरा देती थीं, आज उन्हीं महिलाओं को शराब कोचिए अपनी दबंगई से डरा रहे हैं। विडंबना यह है कि यह सब पुलिस की नाक के नीचे हो रहा है।



फाइल फोटो

### मोबाइल बना कंट्रोल रूम तालाब बने मयखाने

गांव के जागरूक नागरिकों ने बताया कि कोचियों ने अब अपना तरीका बदल लिया है। अब सड़कों पर खड़े होने के बजाय मोबाइल के जरिए होम डिलीवरी का खेल चल रहा है। गांव का खेल मैदान और तालाब की पचरी, जहां बच्चे खेलते हैं और महिलाएं निस्तारी करती हैं, वहां अब शराब की बोतलों और डिस्पोजल का ढेर लगा रहता है। शाम ढलते ही इन सार्वजनिक जगहों पर असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लग जाता है।

### अब होगी आर-पार की लड़ाई

ग्राम विकास समिति और कोसमर्रा के ग्रामीणों का कहना है कि उच्चाधिकारियों को आवेदन देने के बावजूद यदि जल्द ही कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो ग्रामीण उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। गांव के युवाओं का भविष्य बचाने के लिए अब प्रशासन को अपनी नींद त्यागनी होगी।

### महिला कमांडो का छलका दर्द : हमें अकेला छोड़ दिया गया

कुछ महिला कमांडो ने दबी जुबान में बताया कि जून 2025 में जब यह दल बना था, तब उत्साह चरम पर था। सरपंच, जनपद सदस्य और भखारा पुलिस ने बड़े-बड़े वादे किए थे। लेकिन जैसे ही महिलाओं ने कोचियों पर शिकंजा कसा, उन्हें धमकियां मिलनी शुरू हो गईं। पुलिस को सूचना देने पर भी ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे निराश होकर कई महिलाओं ने इस अभियान से किनारा कर लिया है।

### पुलिस की भूमिका पर गंभीर सवाल, दिखावे की कार्रवाई

ग्रामीणों का सीधा आरोप है कि थाना भखारा द्वारा की जाने वाली कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित है। कोचियों को पकड़ा जाता है और कुछ ही देर में वे वापस गांव में घूमते नजर आते हैं। पेट्रोलिंग का अता-पता नहीं। गांव में पुलिस पेट्रोलिंग पूरी तरह ठप है। दुकानों में अवैध अहाते, गांव की कुछ दुकानों में सरेआम शराब पिलाई जा रही है, लेकिन प्रशासन मौन बैठा है।

# अक्ती पर्व पर हुई ठाकुर देवता की पूजा-अर्चना

■ डांडेसरा में शराब, गांजा बेचने पर पांच हजार का अर्थदंड लिया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶डांडेसरा(धमतरी)

अक्ती पर्व पर ग्राम डांडेसरा में ग्रामीणों ने ठाकुर देवता की पूजा-अर्चना पूरे विधि-विधान से की। किसानों ने अपने घर से दोना पत्तल में धान बीज लेकर गांव के ठाकुर देवता पर अर्पित किए। ग्राम बैगा द्वारा विधि-विधान से पूजा अर्चना की गई, साथ ही बीज दोना में भरकर किसानों को वापस दिया गया। कृषि से संबंधित कार्य जैसे बुवाई, निंदाई गुड़ाई, मिंजाई आदि सांकेतिक रूप से ठाकुर देव के समक्ष किए जाते हैं। इसी भोग लगे धान को किसान बीज के रूप में खेतों में बुवाई करते हैं। माना जाता है कि ठाकुर देव बीज परीक्षण, भूमि उर्वरा परीक्षण, जल, कीट पतंगी, गुण धर्म के ज्ञाता थे जिन्होंने ग्राम के मानव समुदाय को फसल जीवन चक्र द्वारा अधिक अन्न धन उपजाकर समृध्दि हासिल करने का मार्ग बताया। जिस तरह गांव चलाने की पूरी जिम्मेदारी गांव के बुजुर्गों पर रहती है, उसी तरह गांव में ठाकुर देवता सब देवता में बड़े माने जाते हैं, इसलिए सबसे पहले पूजा ठाकुर देवता की होती है। पूजा स्थल पर केवल पुरुष जाते हैं, महिलाओं को जाने की अनुमति नहीं है। इस दौरान ग्रामवासियों ने निर्णय लिया कि कोई भी व्यक्ति को गांव के चौक-चौराहे, नहर पुलिया के पास दारू, गांजा, बीड़ी, सिगरेट पीते पाए जाते हैं तो उस पर दो हजार अर्थिक दंड लिया जाएगा। इसी तरह दुकान में चिल्हर पानी पाऊज, डिस्पोजल बेचना सख्त मना है। दारू, गांजा बेचने पर 5000 का दंड लिया जाएगा।



### नहर निर्माण में तेजी लाने के निर्देश, किसानों को जल्द मिलेगा मुआवजा : कलेक्टर

# फुटहामुड़ा नहर परियोजना से कुकरेल क्षेत्र में बढ़ेगी सिंचाई सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने सोमवार को फुटहामुड़ा नहर से प्रभावित ग्राम माकरदोना, मोहलई, पथर्रीडीह, छुही एवं साल्हेभाट के कृषकों की बैठक लेकर उनकी समस्याएं सुनीं तथा परियोजना की प्रगति की समीक्षा की। इस दौरान लाभान्वित कृषक भी उपस्थित रहे।



कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना पूर्ण होने पर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण किया जाए तथा प्रभावित कृषकों के लंबित मुआवजा प्रकरणों का त्वरित निराकरण किया जाए।

कार्यपालन अभियंता जल संसाधन हेमलाल कुरेशिया ने जानकारी दी कि नगरी विकासखण्ड में सिलयारी डायवर्सन वियर एवं फुटहामुड़ा नहर निर्माण हेतु प्रारंभिक स्वीकृति 17.56 करोड़ रुपये की थी, जिसे विभिन्न कारणों से संशोधित करते हुए वर्तमान में 73.94 करोड़ रुपये की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त है। परियोजना से 1940 हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा विकसित होगी, जिससे कुकरेल क्षेत्र के 22 ग्राम सीधे लाभान्वित होंगे।

बैठक में कृषकों ने मुआवजा भुगतान में विलंब, भूमि अधिग्रहण से संबंधित समस्याएं एवं निर्माण कार्य के दौरान आने वाली कठिनाइयों को प्रमुखता से रखा। कलेक्टर श्री मिश्रा ने इसे संज्ञान में लेते हुए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निराकरण के निर्देश दिए। उन्होंने आश्वस्त किया कि किसानों के हितों की रक्षा करते हुए परियोजना को शीघ्र पूर्ण किया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि यह योजना क्षेत्र के कृषि विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगी।

#### नहर लाइनिंग कार्य 4 मार्च 2027 तक पूर्ण होंगे

उन्होंने बताया कि मुख्य नहर की कुल लंबाई 19.74 किलोमीटर तथा लघु नहरों की लंबाई 18.61 किलोमीटर है। वर्तमान में नहर निर्माण कार्य प्रगति पर है, जिसमें 750 मीटर से 9330 मीटर तक के हिस्से में लगभग 20 प्रतिशत तथा 9330 मीटर से 19740 मीटर तक के हिस्से में लगभग 15 प्रतिशत भौतिक प्रगति दर्ज की गई है। परियोजना अंतर्गत विभिन्न संरचनाओं का निर्माण एवं नहर लाइनिंग कार्य निर्धारित समय-सीमा 4 मार्च 2027 तक पूर्ण किया जाएगा।

# वर्ष 1995 से 2015 तक के पूर्व छात्रों ने अपनी पुरानी यादों को किया ताजा

- खरेंगा स्कूल में हुआ शिक्षक-छात्र स्नेह सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



ग्राम खरेंगा स्थित शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 19 अप्रैल को शिक्षक-छात्र स्नेह सम्मेलन 2026 का आयोजन किया गया। वर्ष 1995 से 2015 तक के पूर्व छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए, जिससे स्कूल परिसर में पुरानी यादें ताजा हो गईं। कार्यक्रम के मुख्य सूत्रधार प्राचार्य नंदकिशोर साहू रहे। ग्राम पंचायत खरेंगा की सरपंच नीलम साहू, जनपद सदस्य श्रीमती गीतेश्वरी साहू, रामकुमार यादव सारंगपुरी सहित पंचायत प्रतिनिधियों और पूर्व शाला विकास समिति अध्यक्ष हिरेंद्र साहू, गोविंद साहू, सुभाष साहू आदि का विशेष सहयोग रहा।

कार्यक्रम में डडसेना सर, दीवान सर, देवांगन सर, ध्रुव सर, एसके साहू सर, खाखा सर, बसंत वैष्णव सर, कोसरिया सर, बैसाखू यादव, संतोष नेताम, पोखराज चक्रधारी, निरंजन साहू सहित कई वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति ने आयोजन को यादगार बना दिया। उनके मार्गदर्शन से निकले विद्यार्थी आज विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर रहे हैं।

कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया, वहीं देवांगन सर का जन्मदिन भी उत्साह के साथ मनाया गया। आयोजन के दौरान पूर्व छात्रों ने विद्यालय को वाटर प्यूरिफायर भेंट किया तथा मेरिट में आने वाले छात्रों को 7 हजार रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति देने की घोषणा की। ग्राम पंचायत द्वारा 7 पंखे देने की घोषणा भी की गई। करीब 30 पूर्व शिक्षक और 200 से अधिक पूर्व छात्र इस आयोजन के साक्षी बने।

#### पूर्व छात्रों की मेहनत और योगदान से आयोजन सफल

इस आयोजन को सफल बनाने के लिए पूर्व छात्रों ने कोर कमिटी का गठन किया था, जिसमें अध्यक्ष जीवन साहू, सचिव परमेश्वर साहू, उपाध्यक्ष कमलेश साहू व गौकरण साहू, कोषाध्यक्ष गैंदलाल साहू सहित अन्य सदस्य शामिल रहे। लगभग एक माह तक लगातार मेहनत कर शिक्षकों और पूर्व छात्रों को आमंत्रित किया गया।

# रंगोत्सव में 122 विद्यार्थियों को अंतरराष्ट्रीय सम्मान





**धमतरी।** दिल्ली पब्लिक स्कूल, धमतरी में आयोजित 'रंगोत्सव' में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा शानदार रूप से उभरकर सामने आई। अंतरराष्ट्रीय स्तर की इस कला प्रतियोगिता में रंग भरना, फिंगर पेंटिंग, स्केचिंग, हस्तलेखन, कोलाज और कार्टून डिजाइनिंग सहित कई स्पर्धाएं हुईं, जिनमें कुल 122 विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। दीक्षा साहू और उपाधि साहू ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वंश चटर्जी ने कलरिंग में पहला स्थान हासिल किया, जबकि आंचल जैन और अक्ष गोयल द्वितीय रहे।

अनिरुद्ध पंडित ने हस्तलेखन में द्वितीय और लविश मुंजवानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अन्य विद्यार्थियों को भी विभिन्न श्रेणियों में पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में 38 विद्यार्थियों को ट्रॉफी, 48 को मेडल और 31 को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। प्राचार्य डॉ. नितिन कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजन सफल रहा।

# योगेश्वर को मिला गौरव रत्न सम्मान



हरिभूमि न्यूज ▶▶कोर्रा(भखारा)

भखारा कोर्रा क्षेत्र अंतर्गत तहसील ब्राह्मण समाज भखारा द्वारा भगवान परशुराम का जन्मोत्सव ग्राम रामपुर में धूमधाम से मनाया गया। इस कार्यक्रम में तहसील ब्राह्मण समाज भखारा क्षेत्र के 72 गांव के प्रतिनिधि के साथ धमतरी, कुरुद, मगरलोड, नगरी भखारा प्रतिनिधि भी शामिल हुए। इस दौरान योगेश्वर उपाध्याय को तहसील ब्राह्मण समाज भखारा द्वारा गौरव रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। वे वर्तमान में तहसील ब्राह्मण समाज भखारा के संरक्षक हैं। कार्यक्रम का संचालन सुनील तिवारी सचिव तहसील ब्राह्मण समाज भखारा ने किया। मौके पर यशवंत शुक्ला, जगदीशेश्वर शर्मा, मदन शर्मा, विजयशंकर शर्मा, विनोद चौबे , रोशन मिश्रा, योगेश्वर उपाध्याय, मुरलीधर दीवान, भानुप्रताप तिवारी समेत अन्य मौजूद रहे।

# सुधर्म महिला मंडल ने मरीजों को फल बांटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सुधर्म महिला मंडल धमतरी ने जिला अस्पताल में मरीजों को फल एवं बिस्किट का वितरण किया व मरीजों के उत्तम स्वास्थ्य की मंगलकामना की। कार्यक्रम में कुसुम गोलछा, गौरी लोढ़ा, गरिमा चोपड़ा, संजना बोहरा, विनीता बोहरा, नीतू चोपड़ा, डिम्पल बोहरा, निशांत निश्चल, युग बोहरा, विहान लोढ़ा समेत अन्य उपस्थित थे।







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130





प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123

# जातिगत जनगणना में ओबीसी की स्पष्ट गणना की मांग

■ ओबीसी महासभा ने चार प्रमुख मांगों को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

ओबीसी महासभा प्रदेश इकाई छत्तीसगढ़ के आह्वान पर प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में राज्य के सभी जिलों में विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। इसी क्रम में धमतरी जिले में भी कलेक्टर के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। महासभा ने मुख्य रूप से जाति आधारित जनगणना, बैकलॉग नियुक्ति, महिला आरक्षण में ओबीसी की हिस्सेदारी तथा लंबित 27 प्रतिशत आरक्षण लागू करने की मांग उठाई।

महासभा के प्रदेश अध्यक्ष एवं जिला प्रभारी दयालुराम साहू तथा महिला प्रकोष्ठ की उपाध्यक्ष चंद्रकला पटेल ने बताया कि प्रस्तावित राष्ट्रीय जनगणना 2027 के प्रपत्र में ओबीसी वर्ग के लिए अलग कोड निर्धारित नहीं किया गया है, जिससे समुदाय में असंतोष है।



उन्होंने मांग की कि जनगणना के कॉलम नंबर 13 में ओबीसी के लिए पृथक कोड निर्धारित कर उनकी स्पष्ट गणना सुनिश्चित की जाए। उनका तर्क है कि सटीक आंकड़ों के अभाव में नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन संभव नहीं हो पाता।

इसके साथ ही नारी शक्ति वंदन अधिनियम 2023 में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण दिए जाने के प्रावधान का स्वागत करते हुए महासभा ने सवाल उठाया कि इसमें ओबीसी महिलाओं के लिए अलग से आरक्षण क्यों नहीं रखा गया।

उन्होंने मांग की कि ओबीसी महिलाओं को भी 27 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलना चाहिए, ताकि सामाजिक न्याय और समानता सुनिश्चित हो सके। महासभा ने केंद्र और राज्य सरकारों से ओबीसी वर्ग के रिक्त बैकलॉग पदों को शीघ्र भरने की मांग की। पदाधिकारियों का कहना है कि कई विभागों में वर्षों से आरक्षित पद खाली हैं, जो संवैधानिक व्यवस्था के विपरीत है।

ज्ञापन सौंपने वालों में सुश्री यशोदा सोनकर अध्यक्ष, सरिता सोनकर सचिव, रूक्मणि सोनकर उपाध्यक्ष एवं नील पटेल संगठन मंत्री सहित अन्य पदाधिकारी एवं समाज के प्रतिनिधि शामिल रहे।

## खबर संक्षेप

### खराब एबी केबल से कलारतराई में खतरा

**धमतरी।** ग्राम कलारतराई के बिजली पोल में लगे खराब एबी केबल को हटाकर नया एबी केबल लगाने की मांग उपसरपंच ने की है। कलारतराई के उपसरपंच माधवेन्द्र हिरवानी ने मंगलवार को कलेक्टर के नाम दिए आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत कलारतराई के विभिन्न वार्डों के 12 बिजली पोल का एबी केबल कुछ वर्षों से खराब है जिससे ग्रामवासियों को विद्युत समस्या का सामना करना पड़ रहा है। खराब केबल से ग्रामीणों की जान पर खतरा बना रहता है। पूर्व में भी दो बार इस समस्या के निराकरण के लिए आवेदन किया गया था लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उपसरपंच ने नया एबी केबल लगाने की मांग की है।



■ उपसरपंच ने नया एबी पोल लगाने की मांग की

### नदी में डूबने से मौत परिजन को आर्थिक सहायता स्वीकृत

**कांकेर।** कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड 6-4 के तहत दुर्गुकोंदल तहसील के ग्राम पड़गाल निवासी 35 वर्षीय इसरो पुड़ों की नदी में डूबने से मृत्यु होने के प्रकरण में उनके निकटतम आश्रित तुलसिंह पुड़ों के लिए चार लाख रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत किया है। स्वीकृत सहायता राशि का भुगतान तहसीलदार द्वारा डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा।

### सर्पदंश से महिला की हुई मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** भानुप्रतापपुर थानांतर्गत पुत्तावाही निवासी 44 वर्षीय धन्नो कुरेटी पति जोहित कुरेटी को सांप ने काट लिया था, जिसके कारण उसकी मौत हो गई। सीएचसी भानुप्रतापपुर से अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतिका को सांप ने काट लिया था। इलाज के लिए अस्पताल लाया गया लेकिन उनकी 20 अप्रैल को मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया।

### कोल्ड ड्रिंक के 10 रुपए को लेकर बवाल मामला दर्ज

**कांकेर।** पखांजुर थाना क्षेत्र में महज 10 रुपए के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जहां एक युवक और पान ठेला संचालक के बीच जमकर मारपीट हुई। दिनदहाड़े हुई इस घटना में वृद्ध और युवक दोनो को चोट आई। दोनों ने थाना में एक दूसरे के खिलाफ मारपीट करने का मामला दर्ज कराया। दोनो पक्ष की बात सुन पुलिस ने काउंटर केस दर्ज किया। थाना पखांजुर में शिकायत करने पहुंचे पखांजुर निवासी 63 वर्षीय सचिन विश्वास पिता जतिन विश्वास देवजीत ने पुलिस को बताया कि पेट्रोल पंप पखांजुर के पास मेरा पान ठेला दुकान है, जहां पर गर्मी सीजन होने से कोल्ड ड्रिंक व अन्य सामान भी रखता हूं। 20 अप्रैल को दोपहर को दुकान में था, तभी पीव्ही 55 निवासी प्रवीण हालदार आया और कोल्ड ड्रिंक मांगा और पूछा कितने का है। मैंने कहा कि इसकी कीमत 100 रूपए है, तब प्रवीण हालदार बोला कि यह 90 रूपए में मिलता है।

## 4 करोड़ 36 लाख 46 हजार के प्राक्कलन को तकनीकी मंजूरी

# अमलतासपुरम से सिंचाई नहर तक बनेगी बीटी सड़क



■ यातायात होगा सुगम : अमलतासपुरम-कलेक्ट्रोरेट-पॉलीटेक्निक मार्ग सड़क निर्माण को हरी झंडी मिली

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

शहर के समग्र अधोसंरचना विकास को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए अमलतासपुरम कॉलोनी के सामने से भटगांव रोड, कलेक्ट्रेट रोड, पॉलीटेक्निक कॉलेज मार्ग होते हुए सिंचाई नहर तक बीटी सड़क निर्माण कार्य हेतु 436.46 लाख रुपए के प्राक्कलन को तकनीकी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस परियोजना के पूर्ण होने से शहर की यातायात व्यवस्था में सुधार आएगा तथा नागरिकों को सुगम, सुरक्षित एवं बेहतर आवागमन का एक विकल्प मिलेगा।

नगर पालिक निगम द्वारा इस सड़क निर्माण के लिए विगत वर्ष सितंबर माह में प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया था। परीक्षण उपरांत तकनीकी स्वीकृति जारी की गई है। निर्माण कार्य प्रारंभ करने से पूर्व सक्षम प्राधिकारी से प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति प्राप्त करना अनिवार्य होगा। निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ नगर निगम अधिनियम 1956 एवं संबंधित विभागीय मैन्युअल के प्रावधानों के अनुरूप किया जाएगा। साथ ही कार्य को स्वीकृत ड्राइंग, डिज़ाइन एवं गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही पूर्ण किया जाएगा तथा बिना अनुमति प्राक्कलन में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जाएगा। यह सड़क शहर के प्रमुख मार्गों को आपस में जोड़ते हुए वैकल्पिक यातायात मार्ग उपलब्ध कराएगी, जिससे ट्रैफिक दबाव में कमी आएगी और आमजन के समय व ईंधन की बचत होगी। आसपास के क्षेत्रों में आवासीय एवं व्यावसायिक गतिविधियों को भी प्रोत्साहन मिलेगा।

### गुणवत्ता का रखा जाएगा ध्यान : रामू



महापौर रामू रोहरा ने कहा कि नगर निगम द्वारा शहरवासियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यह महत्वपूर्ण पहल की गई है। सड़क निर्माण से क्षेत्र के विकास को नई दिशा मिलेगी और नागरिकों को आधुनिक शहरी सुविधाओं का लाभ मिलेगा। निगम द्वारा कार्य की गुणवत्ता एवं समयबद्धता सुनिश्चित की जाएगी।

### बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी



कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने कहा कि शहर के सतत विकास के लिए गुणवत्तापूर्ण सड़क अधोसंरचना अत्यंत आवश्यक है। इस परियोजना के माध्यम से नागरिकों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और यातायात व्यवस्था अधिक व्यवस्थित होगी। सभी आवश्यक स्वीकृति प्राप्त कर कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं।

# दानवीर भामाशाह के आदर्शों को जन जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

■ जयंती पर समाजजनों ने सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई कार्यक्रम आयोजित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



जिला साहू समाज द्वारा दानवीर भामाशाह जयंती पर सेवा, जागरूकता और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की शुरुआत वृद्ध आश्रम रुद्री एवं कुष्ठ रोग आश्रम में फल वितरण से हुई। साहू समाज बांसपारा में समर क्लास का आयोजन कर बच्चों के शैक्षणिक विकास की दिशा में पहल की गई। समाज द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय से रत्नाबांधा चौक तक बाइक रैली निकालकर यातायात जागरूकता का संदेश दिया गया तथा हेलमेट वितरण कर लोगों को सुरक्षा के प्रति सजग किया गया।

कार्यक्रम में मौजूद पूर्व विधायक कुरूद लेखराम साहू ने कहा कि भामाशाह मेवाड़ के महान योद्धा महाराणा प्रताप के मित्र, मंत्री और विश्वासपात्र सलाहकार थे। हल्दीघाटी युद्ध के बाद जब प्रताप आर्थिक संकट से जूझ रहे थे, तब भामाशाह ने अपनी समस्त संपत्ति दान कर उन्हें पुनः सशक्त बनाया। उन्होंने कहा कि भामाशाह का जीवन राष्ट्रप्रेम, त्याग और निःस्वार्थ सेवा का अनुपम उदाहरण है।

विधायक ओंकार साहू ने कहा कि समाज हमेशा से शिक्षा, स्वास्थ्य और यातायात जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने का कार्य करता रहा है। मौके पर जिला साहू समाज के अध्यक्ष गणेश राम साहू, विजय साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, उमेश साहू, संतराम साहू, गोपाल साहू, श्यामा साहू, चिरौंजी लाल साहू, गजानन साहू, हिरेंद्र साहू, निर्मला साहू, मंजूषा साहू, कमलेश साहू, सीमांत साहू, अरुण साहू सहित अनेक पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित थे।

# अक्ती पर रचाई गुड्डे-गुड़ियों की शादी



**कुकरेल(धमतरी)।** मगरलोड ब्लाक के ग्राम बोरसी में अक्ती त्योहार मनाया गया जहां गुड्डे गुड़ियों की शादी रचाई गई। कार्यक्रम में गुंजा बाई, मेनका, यामिनी, बिंदु, रोशनी, धारिणी, कोमू, डिग्गू, कामिनी, सहित सरपंच प्रतिनिधि तथा वार्ड पंच योगेश्वर यादव, बड़कू यादव मौजूद थे।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत : खिलेन्द्र



■ ग्राम छाती में हुई कार्यकर्ताओं की बैठक, संगठन को मजबूत करने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण धमतरी के तत्वावधान में बूथ चलो अभियान के तहत ग्राम छाती में पंचायत एवं बूथ स्तरीय संगठन सृजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन को जमीनी स्तर पर सशक्त बनाने, प्रत्येक बूथ पर सक्रिय टीम गठित करने तथा आगामी चुनावों की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष खिलेन्द्र ध्रुव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की असली ताकत उसके बूथ स्तर के कार्यकर्ता हैं। यदि हर बूथ मजबूत होगा, तो संगठन स्वतः ही मजबूत होगा।

ब्लॉक संगठन प्रभारी राजेंद्र साहू ने कहा कि बूथ चलो अभियान केवल एक कार्यक्रम नहीं, बल्कि संगठन को पुनः सशक्त और सक्रिय बनाने का एक महत्वपूर्ण अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभानी होगी, तभी संगठन को मजबूती मिलेगी।

बैठक में पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। मौके पर ओंकार सोनवानी, चंद्रहास साहू, जोन कांग्रेस अध्यक्ष शिव चन्द्राकर, श्रीराम केले, रमी गौतम सरपंच, प्रभुदयाल साहू, तेजराम सिन्हा, शुभम यादव, विजय गायकवाड़, रमेश यादव, संध्या देवांगन, हितेश्वरी सिन्हा, लेखराम साहू समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# अपडेट रहें शिक्षक ताकि छात्रों का भविष्य निखर सके : मिश्रा

■ कलेक्टर ने बैठक लेकर शिक्षा विभाग के कार्यों की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

कलेक्टर ने बैठक लेकर बीईओ, प्राचार्यों को अपडेट रहने और नई-नई शिक्षण पद्धतियों को अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि शिक्षक की प्राथमिकता सिर्फ परिणामों तक ही सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित होना चाहिए।

जिले में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सभी विकासखंडों के बीईओ एवं प्राचार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि सभी अधिकारियों और शिक्षकों को समन्वय बनाकर कार्य करना होगा, ताकि शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाया जा सके। बैठक में शिक्षा से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। बैठक के दौरान कलेक्टर ने आईगॉट प्लेटफॉर्म पर ऑनलाइन प्रशिक्षण को अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

यूथ फेस्ट में कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों की भागीदारी पर जोर देते हुए कलेक्टर ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ता है और उनकी प्रतिभा को मंच मिलता है। ज्ञान भारतम अंतर्गत पांडुलिपियों एवं प्राचीन ऐतिहासिक धरोहरों के सर्वेक्षण और पंजीयन कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश भी उन्होंने दिए। नए शिक्षण सत्र की कार्ययोजना पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में तय लक्ष्यों के अनुरूप कार्य करें और नियमित मॉनिटरिंग करें।

बैठक में कलेक्टर श्री मिश्रा ने कहा कि जिले के कुछ स्कूलों में शिक्षा के क्षेत्र में सहरानीय कार्य किया जा रहा है। जिले के अन्य स्कूलों में भी इस तरह के प्रयास हो, इसके लिए आगामी दिनों में शिक्षकों के लिए लीडरशीप डेवहलपमेंट कार्यक्रम आयोजित किया जाये। जिन स्कूलों में विषय शिक्षक नहीं है, उन स्कूलों के लिए विशेषज्ञ शिक्षकों से विभिन्न विषयों के वीडियो तैयार कर यू-ट्यूब में प्रसारित किये गये हैं। बैठक में डीईओ अभय जायसवाल, अनुराग त्रिपाठी, सहायक संचालक यदुनंदन वर्मा के अलावा विभिन्न स्कूलों के प्राचार्य उपस्थित थे।

### निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

उन्होंने स्पष्ट कहा कि शिक्षकों का नियमित और गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण ही बेहतर शिक्षा प्रणाली की आधारशिला है। संस्थाओं में किए जा रहे नवाचारों की जानकारी लेते हुए उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्कूलों की सराहना की और अन्य संस्थानों को भी नवाचार अपनाने के लिए प्रेरित किया। शासन स्तर पर स्वीकृत शालाओं में चल रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कार्यों को तय समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही विकासखंड स्तर पर आयोजित होने वाले समर कैंप की तैयारियों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों की अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

# जिले में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

जिले में धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम के सख्त क्रियान्वयन को लेकर हिन्दू जागरण मंच ने जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मंच ने जिले में कथित रूप से प्रलोभन, दबाव एवं अन्य अनुचित माध्यमों से किए जा रहे धर्म परिवर्तन के मामलों पर गंभीर चिंता व्यक्त की और इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की।

जिला संयोजक पुरुषोत्तम निषाद के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल ने प्रशासन को अवगत कराया कि जिले के विभिन्न क्षेत्र से समय-समय पर इस प्रकार की शिकायतें सामने आती रही हैं, जो सामाजिक समरसता और कानून व्यवस्था के लिए चुनौती बन सकती हैं। यदि समय रहते इन गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो इसका व्यापक सामाजिक प्रभाव पड़ सकता है। उन्होंने मांग की है कि छत्तीसगढ़ धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम का कड़ाई से पालन हो। धर्म परिवर्तन की घटनाओं की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए। बिना अनुमति संचालित प्रार्थना सभाओं एवं संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष निगरानी की जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान दीपक सिंह ठाकुर, पुरूषोतम निषाद, डाकेश्वर साहू, प्रतीक सोनी, चित्रेश साहू, सत्यम सिन्हा, अभिषेक साहू, शिवांश पटवा, संजय साहू, संजीव चक्रधारी, दिव्या नेताम, भावना सिन्हा समेत अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# ब्रांडेड पानी की गुणवत्ता पर उठे सवाल

## जांच के लिए सैंपल प्रयोगशाला भेजे गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी



शहर में बिक रहे ब्रांडेड पानी की गुणवत्ता को लेकर अब सवाल खड़े होने लगे हैं। प्रेस क्लब अध्यक्ष विशाल ठाकुर ने इस मामले को गंभीरता से उठाते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से शिकायत की है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि बाजार में उपलब्ध कुछ ब्रांडेड पानी की बोतलों की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं है, जिससे लोगों की सेहत पर खतरा मंडरा सकता है।

मामले को संज्ञान में लेते हुए कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने तत्काल जांच के निर्देश दिए। उनके निर्देश पर खाद्य एवं औषधि विभाग की टीम ने संबंधित दुकान पर पहुंचकर पानी की बोतलों के सैंपल एकत्र किए। इन सैंपलों को जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा गया है। अधिकारियों का कहना है कि रिपोर्ट आने के बाद यदि गुणवत्ता में किसी प्रकार की कमी पाई जाती है तो संबंधित विक्रेताओं और कंपनियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस कार्रवाई के बाद दुकानदारों में हड़कंप की स्थिति है, वहीं आम नागरिकों में भी जागरूकता बढ़ी है। प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे केवल प्रमाणित और गुणवत्ता युक्त उत्पादों का ही उपयोग करें।

# ठाकुरदेव की पूजा कर अच्छी फसल की कामना की



**धमतरी।** अक्षय तृतीया पर दानीटोला वार्ड में ठाकुरदेव की पूजा-अर्चना की गई। धान का दोना चढ़ाया गया। किसानों ने ठाकुर देव की पूजा अर्चना कर अच्छी फसल के लिए आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर बस्ती समिति दानीटोला का वार्षिक लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में माता मंदिर, वार्ड विकास एवं नवाचार के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। सर्व सहमति से अध्यक्ष बंशीलाल साहू सेवानिवृत्त प्रधानपाठक बनाए गए। मौके पर थानसिंह साहू, उपाध्यक्ष मंतेश्वर साहू, राजेन्द्र नाग, चंद्रहास साहू, चंद्रहास यादव, चिरौंजी साहू, राजू साहू, ईश्वरी देवांगन, नम्मू साहू, फूलजी साहू, कोमल साहू, दुष्यंत साहू, गोवर्धन निषाद, बिरजे विश्वकर्मा समेत अनेक वार्डवासी मौजूद थे।







तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज